B.Com II Dr. Manoj Kumar

नेतृत्व
(Leadership)

नेता मूलरूप से उद्यमी होता है जिसमे समस्याओ के समाधान के नेतृत्व के गुण होते है। किसी व्यक्ति के नेतृत्व की स्थिति केवल मानव से सम्बन्धित होती है, वस्तुओ से नही। कोई भी संगठन कितना भी सम्पूर्ण क्यों न हो अथवा कोई भी संगठन कितना भी सुसज्जित क्यो न किया गया हो, नेतृत्व को प्रतिस्थापित नही कर सकता है और न अधिशासियों को आवश्यक प्रेरणा ही दे सकता है। एक कुशल नेतृत्व ही व्यावसायिक उपक्रम को डूबने से बचा सकता है। एक उपक्रम मे उच्चकोटि का नेतृत्व होना चाहिये, इसकी आवश्यकता संगठन के प्रत्येक स्तर पर होती है।

नेतृत्व का अर्थ एवं परिभाषा —
(Meaning and Definitions of leadership)

नेतृत्व वह क्षमता है जिसके द्वारा अपने अनुयायियो को कार्य-निष्पादन में आवश्यक प्रोत्साहन दिया जाता है, न कि वह उन्हे हाँकता है और वह अपने अनुयायियो के एक समूह से वाँछित कार्य स्वेच्छापूर्वक कराता है

कुछ विद्वानो का विचार है कि किसी व्यक्ति मे नेतृत्व सम्बन्धी गुण जन्मजात होते है, प्राप्त नही किये जा सकते। दूसरे शब्दो मे "नेता जन्म लेते है,

Scanned with CamScanner

बनाए नहीं जा सकते" इसके विपरीत कुछ विद्वानो का यह भी कहना है कि नेतृत्व प्राप्त किया जा सकता है अर्थात नेता बनाये जा सकते है। इस वाद - विवाद के सम्बन्ध मे ऑर्डवे टीड ने अपने विचार निम्न प्रकार प्रकट किये है —— नेता जन्मते भी है और बनाये भी जाते है। जिन व्यक्तियो में नेतृत्व के गुण होते है, वे अवसर पाते ही इसका लाभ उठाते है और स्वतः ही प्रकाश मे आते है।

परिभाषा—— नेतृत्व विद्यमान परिस्थितियों मे निर्धारित लक्ष्यो की प्राप्ति हेतु एक व्यक्ति द्वारा अन्य व्यक्तियों अथवा उसके समूह की क्रियाओं को प्रभावित करने एव उनका मार्गदर्शन करने की प्रक्रिया है।

— नेतृत्व की विशेषताएँ ——
(Charatcteristics of Leadership)

1. अनुयायियों का होना (Followers)
2. आदर्श आचरण (Ideal Conduct)
3. हितों की एकता (Unity of interest)
4. गतिशील प्रक्रिया (Dynamic Process)
5. क्रियाशील सम्बन्ध (Active Relations)
6. आत्मबोध (Self Realisation)

Scanned with CamScanner

— नेतृत्व के भेद —
(Types of Leadership)

1. जनतन्त्रीय नेता (Democratic Leadership)
2. निरंकुश नेता (Autocratic Leadership)
3. निर्बाधावादी नेता (Laissez-faire Leader)
4. क्रियात्मक नेता (Functional Leader)
5. संस्थात्मक नेता (Institutional Leader)
6. व्यक्तिगत नेता (Personal Leader)
7. अव्यक्तिगत नेता (Impersonal Leader)

— नेतृत्व के स्वरूप —
(Styles of Leadership)

- (A) अभिप्रेरणात्मक स्वरूप (Motivational)
  - (i) धनात्मक (Positive)
  - (ii) ऋणात्मक (Negative)
- (B) शक्ति स्वरूप (Power)
  - निरंकुश (Autocratic)
  - जनतन्त्रीय (Democratic)
  - स्वतन्त्र (Free-rein)
- (C) पर्यवेक्षकीय स्वरूप (Supervisory)
  - कर्मचारी अभिमुखी (Employee Oriented)
  - उत्पादन अभिमुखी (Production Oriented)